हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

रजत जयंती सप्ताह का दूसरा दिन, वन ... 14

धान खरीदी में नोडल अधिकारी सतत ... 14


## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खेमड़ा तालाब के पास शराब बिक्री कर रहे एक युवक पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल खेमड़ा तालाब के पास आरोपी निर्मल यादव पिता परदेशी यादव (19 साल) वार्ड नं 17 खेमड़ा के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम लाखागढ़ में एक लड़के के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सीमा यादव ने बताया कि 30 नवंबर की दोपहर करीबन 03 बजे उसका बेटा शुभम यदु घर के बाहर बैठा था, उसके बेटे शुभम आकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले कुबेर कश्यप शराब पीकर आये और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक युवक की मौत

**महासमुंद।** अमलीडीह चौक के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भिथीडीह का भूपेंद्र डडसेना पिता कार्तिकराम डडसेना (29 साल) निवासी अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीपी 7278 से पिथौरा गया था, पिथौरा से वापस घर भिथीडीह आने के दौरान शाम करीबन 7.30 बजे अमलीडीह चौक के पहले किसी अज्ञात वाहन का चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर भूपेंद्र डडसेना की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# 18006 किसानों से 97 हजार टन से अधिक की धान खरीदी, पंजीयन 15 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने जिले में रफ्तार पकड़ ली है। सभी 182 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक जिले में 18006 किसानों से 97 हजार 213 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है,जो किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर है।

जिले के 38,128 किसानों के पंजीयन में त्रुटि सुधार का कार्य अभी भी लंबित है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है, जिससे प्रशासनिक अमले और किसानों दोनों पर समय पर काम पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं और उन्हें भुगतान भी तेजी से किया जा रहा है। मौसम का अनुकूल होना और शुरुआती दिनों में समितियों की बेहतर तैयारी।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में इस बार खरीदी में शुरुआती तेज़ी देखी गई है, जिसका मुख्य कारण खरीदी केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता और डिजिटल माध्यमों से त्वरित किसान सत्यापन है। जिले के कई खरीदी केंद्रों पर खरीदी का आंकड़ा 1 लाख क्विंटल के पास पहुंचने वाला है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि खरीदी का कार्य अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

## जिले के 38,128 किसानों के पंजीयन में त्रुटि सुधार का कार्य अभी भी लंबित

### 38 हजार किसानों का लंबित त्रुटि सुधार

धान खरीदी की इस पूरी प्रक्रिया में, सबसे बड़ी बाधा पंजीयन में त्रुटि सुधार को लेकर सामने आई है। महासमुंद जिले के 38,128 किसान ऐसे हैं जिनके रकबा, बैंक खाता विवरण, आधार सीडिंग या भू-स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों में किसी न किसी प्रकार की त्रुटि है। जब तक यह त्रुटि ठीक नहीं हो जाती, ये किसान समर्थन मूल्य पर अपनी धान नहीं बेच पाएंगे। कई किसानों के पंजीयन में दर्ज रकबा और गिरदावरी (फसल सर्वेक्षण) के रकबे में अंतर पाया गया है।



### पंजीयन एवं सुधार की तिथि बढ़ी

किसानों और जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए, राज्य सरकार ने पंजीयन और त्रुटि सुधार की समय-सीमा को 15 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। यह फैसला उन किसानों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है, जो तकनीकी या दस्तावेजी कमियों के कारण अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यह समय-सीमा का विस्तार जिले के किसानों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे जल्द से जल्द अपने पंजीयन की कमियों को दूर करा लें। यदि यह 38,128 किसानों का त्रुटि सुधार समय पर पूरा हो जाता है, तो धान खरीदी का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ेगा।

## जायजा: प्रभारी मंत्री ने किया धान खरीदी केंद्र बिरकोनी एवं झलप का निरीक्षण

# धान बेचने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी : खाद्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल आज महासमुंद विकासखंड के ग्राम बिरकोनी पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मंत्री बघेल ने केंद्र में पहुंचे किसानों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। किसानों ने अपने सुझाव रखे, जिन पर मंत्री ने सकारात्मक ढंग से चर्चा की।



किसानों ने बताया कि बारदाना की कोई समस्या नहीं है और व्यवस्था संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान की तौलाई, नमी माप, गुणवत्ता परीक्षण तथा स्टैकिंग व्यवस्था का अवलोकन किया। खाद्य मंत्री ने अपने समक्ष धान की तौल करवाई और किसानों से जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद थे। तत्पश्चात खाद्य मंत्री बघेल ने झलप में भी धान खरीदी केंद्र का अवलोकन किया एवं किसानों से बातचीत कर व्यवस्था की पूरी जानकारी ली।

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद थे। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, शरद मराठा, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### खाद्य मंत्री ने कहा: किसान धान की सफाई कर उपार्जन केंद्र लाएं, टोकन की लिमिट बढ़ाने किया जा रहा है प्रयास

इस दौरान बिरकोनी एवं झलप उपार्जन केंद्र में मंत्री बघेल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और धान खरीदी को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टोकन की लिमिट बढ़ाई जाएगी, ताकि अधिक किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों एवं नियमों का पालन करते हुए अपनी धान साफ-सुथरा करके केंद्र लेकर आएं, ताकि किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। नमी परीक्षण में पारदर्शिता रखी जाए। तौल मशीनें नियमित रूप से कैलिब्रेटेड रहें। खरीदी केंद्र में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। केंद्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खाद्य मंत्री को खरीदी केंद्र की वर्तमान स्थिति, अब तक की खरीदी तथा आगे की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। आज धान खरीदी का 13वां दिन है। सभी उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक एक लाख 14 हजार टन धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बिरकोनी धान खरीदी केंद्र में कुल 2727 किसान पंजीकृत है। अब तक 153 किसानों से 11,122 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। आज 22 किसानों का टोकन काटा गया।

# अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई तथा स्टॉक वेरीफिकेशन का कार्य सतत जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राइस मिल से 800 कट्टा धान जप्त, कुल 1460 कट्टा अवैध धान जब्त

राजस्व, मंडी, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें जांच चौकियों, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। राइस मिलों में भी स्टॉक वेरीफिकेशन का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में जिले में अलग-अलग मामलों में संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1460 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है।

राज्य शासन की मंशा के अनुरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में अवैध धान परिवहन और भंडारण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश पर विकासखंड पिथौरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा बजरंग वर्मा के नेतृत्व में सपनेश्वर राइस इंडस्ट्री, नरसिंहपुर में हुए भौतिक सत्यापन में 9232.8 क्विंटल (23082 कट्टा) धान कम पाया गया। मिल में मौजूद 800 कट्टा धान को तत्काल जब्त कर प्रशासनिक कार्यवाही शुरू की गई। वहीं जगदीशपुर रोड पर ट्रैक्टर से अवैध रूप से ले जाए जा रहे 75 पैकेट धान को पकड़ा गया। वाहन व धान को जब्त कर थाना बसना को सौंपा गया। इसी तरह पिरदा समिति में किसान द्वारा लाए गए 135 बोरी पुराने धान को नियम विरुद्ध पाए जाने पर जब्त किया गया। पूरा प्रकरण मंडी सचिव को मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया है। इसी तरह सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम गनियारिपाली में कार्रवाई की गई। यहां संयुक्त टीम द्वारा 450 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया, जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया।

### राइस मिलों का भौतिक सत्यापन जारी रहेगाः कलेक्टर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले की सभी राइस मिलों में भौतिक सत्यापन लगातार जारी रहेगा। स्टॉक में किसी भी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सतत निगरानी सतत जारी रहेगी।

## श्री अजमीढ़ धाम कांपा में स्वर्णकार समाज के भवन का लोकार्पण



**महासमुंद।** नेशनल हाईवे-353 पर स्थित श्री अजमीढ़ धाम कांपा में सोमवार को स्वर्णकार समाज के भवन का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता पूर्व सांसद चंदू लाल साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चंद्राकर, कांपा सरपंच विकास चंद्राकर, पवन पटेल उपस्थित रहे।

# बकाया का करना होगा भुगतान, नहीं तो हाफ बिल योजना से होंगे वंचित

## 201-400 यूनिट उपभोक्ताओं को सूर्यघर योजना से जुड़ने के लिए मिला एक साल का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लाखों उपभोक्ताओं को बिजली के बिलों में बड़ी राहत देने वाली बहुचर्चित बिजली बिल हाफ योजना लागू हो गई है। लेकिन इस योजना का लाभ लेने से पहले उपभोक्ताओं को एक महत्वपूर्ण शर्त पूरी करनी होगी, अन्यथा वे इस बड़ी राहत से वंचित हो सकते हैं। सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उन्हें इस हाफ योजना का लाभ नहीं मिलेगा। विभाग ने ऐसे सभी बकाएदारों को चेतावनी दी है कि योजना का लाभ लेने के लिए उन्हें तत्काल अपने लंबित बिलों का भुगतान करना होगा। यह चेतावनी जिले के 76 हजार से अधिक संभावित लाभार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। प्रदेश सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की है।

योजना के तहत, जो उपभोक्ता प्रति माह 200 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं, उन्हें बिल में आधी राशि का भुगतान ही करना होगा। यह योजना उन मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा है, जिनकी बिजली की खपत सीमित होती है। 52 हजार 546 उपभोक्ता वाले 200 यूनिट तक बिजली बिल की राशि आधी हो जाएगी। यह संख्या जिले के कुल घरेलू उपभोक्ताओं के एक बड़े हिस्से को कवर करती है, जो सीधे तौर पर महंगाई के इस दौर में आर्थिक राहत महसूस करेंगे।

### बकाया बिल, लाभ के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा

बिजली बिल हाफ योजना का लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा, जो विभाग के रिकॉर्ड में बकाएदार नहीं हैं। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं ने अपने पुराने बिलों का भुगतान नहीं किया है, उन्हें इस योजना के तहत हाफ बिल का लाभ नहीं दिया जाएगा। अगर बिल बकाया रहता है, तो उपभोक्ता न केवल हाफ योजना के लाभ से वंचित होंगे, बल्कि उनके खिलाफ नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

### 201-400 यूनिट वालों के लिए एक साल की राहत

उन उपभोक्ताओं के लिए किए गए हैं जिनकी बिजली खपत 201 यूनिट से 400 यूनिट के बीच रहती है। सरकार ने अगस्त और फिर नवंबर माह में किए गए संशोधनों के तहत इन उपभोक्ताओं को भी आंशिक राहत प्रदान की है। 201 से 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी पहले 200 यूनिट के बिल पर हाफ योजना का लाभ मिलेगा। जिले में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 24 हजार 362 है। इस तरह जिले में कुल 76 हजार 908 उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलेगा।

## चक्रवात दितवाह का असर, शाम होते ही घरों में दुबक रहे लोग

# जिले में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात दितवाह का असर अब जिले में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।



प्रदेश के कई जिलों में जिस तरह से मौसम ने करवट ली है, ठीक उसी तरह जिले में भी शीतलहर की भांति कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। इस अचानक बढ़ी ठंड से जिले का सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, और लोग स्वयं को बचाने के लिए तरह-तरह के जतन करते नजर आ रहे हैं। चक्रवात दितवाह के विपरीत प्रभाव के चलते जिले में हवा की गति तेज हो गई है, जिससे ठंड की चुभन काफी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह ठंड सामान्य ठंड की तुलना में अधिक तीखी है, जो सीधे तौर पर शीतलहर का एहसास करा रही है। जिले का न्यूनतम तापमान भी तेजी से नीचे आया है, जिससे सुबह-शाम भरी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात के कारण हवाओं का रुख बदला है, जिससे उत्तर की ओर से आने वाली शुष्क और बर्फीली हवाओं का प्रवेश बढ़ा है, जिसने ठंड की तीव्रता को एकाएक बढ़ा दिया है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए जिले के लोग अब अलाव का सहारा ले रहे हैं। शहर के मुख्य चौराहों, गली-मोहल्लों, और बाजारों में जगह-जगह अलाव जलते दिखाई दे रहे हैं, जिसके चारों ओर लोग झुंड बनाकर खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासी दीनदयाल, कमलकांत ध्रुव, नरेंद्र सिन्हा का कहना है कि ठंड इतनी बढ़ गई है कि दिन के समय भी बिना गर्म कपड़ों के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मजबूरन, लोगों को अब पूरे दिन गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, शॉल, और मफलर पहनने पड़ रहे हैं।

### गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक

ठंड की बढ़ी हुई तीव्रता ने गर्म कपड़ों के बाजार में अचानक से रौनक ला दी है। ठंड से मुकाबला करने के लिए लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार गर्म कपड़े, ऊनी टोपी, और कंबल खरीदने के लिए दुकानों पर उमड़ रहे हैं। फुटपाथ से लेकर बड़ी दुकानों तक में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। कंबल और रजाई की मांग में भी भारी उछाल आया है, जिससे विक्रेताओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही है।

### मौसम के मिजाज से स्वास्थ्य पर असर, वायरल के मरीज बढ़े

जिले में तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उत्तरी इलाकों में शीतलहर का अलर्ट जारी है, जिससे ठंड और बढ़ेगी। जिला अस्पताल में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है, रोजाना 700 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें से 350 से अधिक वायरल लक्षण वाले हैं। डॉक्टरों ने कमजोर इम्युनिटी वाले, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से सतर्क रहने, गर्म कपड़े पहनने, ताजा भोजन और गर्म पानी पीने की सलाह दी है।

# जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सतत रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ है। इसी क्रम में जिले के चारों विधानसभा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 एवं महासमुंद-42 में कुल 1083 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो अब तक 84.64 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में कुल 8 लाख 86 हजार 422 मतदाता पंजीकृत है, इनमें 7 लाख 50 हजार 260 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। जिसमें सरायपाली अंतर्गत 84.60 प्रतिशत, बसना अंतर्गत 89.01 प्रतिशत, खल्लारी अंतर्गत 87.06 प्रतिशत एवं महासमुंद अंतर्गत 77.44 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मियों ने ली जागरूकता की शपथ

**रायपुर।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एचआईवी/एड्स की रोकथाम, भेदभाव समाप्त करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाली आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला को विदाई दी गई। अब नवीन पदस्थापना के साथ डॉ. शुक्ला आयुक्त समग्र शिक्षा के रूप मे अपनी सेवाएं देंगी। उनके नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, विशेषकर दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार हेतु किए गए प्रयासों की उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विभाग की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का समापन, बच्चों ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति



**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर इंद्रावती कॉलोनी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मणिकर्णिका नृत्य और छोटे बच्चों का सुआ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता सुमन मुथा और दीक्षा अग्रवाल रहीं एवं अध्यक्षता सविता शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा संस्थान के पदाधिकारी बद्रीनाथ केशरवानी, विभाग समन्वयक मोहन पवार, सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर, टिकरापारा, इंद्रावती कॉलोनी के आचार्य दीदियां, अभिभावक माताएं और मातृ शक्तियां उपस्थित थीं।

### बढ़ी गाइडलाइन का विरोध दबाने क्रूरता पर उतरी सरकार

**रायपुर ।** जमीन गाइड लाइन में



बेतहाशा बढ़ोतरी के अपने तानाशाहीपूर्ण फैसले का विरोध करने वालों के दमन के लिए भाजपा सरकार क्रूर और आतंकी रवैये पर उतर आई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जमीन गाइड लाइन को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। बढ़ी हुई गाइड लाइन की दर को लेकर प्रदर्शन कर रहे कारोबारियों, आम नागरिकों पर भाजपा सरकार द्वारा दुर्ग में बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज और महिलाओं तक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। सरकार ने अपना फैसला जनता पर जबरिया थोपा है, जब जनता उसका विरोध कर रही, तो सरकार दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जवाब दें कि वे अपनी सरकार द्वारा जनता पर थोपे गये इस फैसले को लेकर चुप क्यों हैं? जनता को मुख्यमंत्री के जवाब का इंतजार है। मुख्यमंत्री अपने वित्तमंत्री के तुगलकी फैसले के बारे में मौन व्रत छोड़कर सामने आएं। उन्होंने कहा, न किसी से चर्चा, न सुझाव, न ही दावा आपत्ति का अवसर, अचानक अनुचित फैसले थोप दिये गये।

### एसआईआर की सीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात की। पार्टी का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों और दूसरे राज्यों से आई महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने समय सीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग रखी। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, इस समय धान कटाई का दौर चल रहा है, ऐसे में किसान और मजदूर घरों से बाहर रहते हैं, जिसके कारण वे एसआईआर की प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहे। दूसरे राज्यों से शादी के बाद छत्तीसगढ़ आई महिलाओं को भी दस्तावेज़ और पहचान संबंधी औपचारिकताओं में मुश्किलें हो रही हैं।

# गढ़फुलझर में गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व पर बसना विधायक ने कहा: सत्य, समानता और मानवता ही सतनामी समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गढ़फुलझर में कैबिनेट मंत्री एवं सतनामी समाज के युवराज धर्म गुरु खुशवंत सिंह साहेब के सानिध्य और मार्गदर्शन में गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व संत समागम सतनाम मेला का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल और कार्यक्रम की अध्यक्षता बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिवस हम सभी के लिए न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के गौरव, संस्कृति के पुनर्जागरण और आदर्श जीवन-मूल्यों को अपनाने का प्रेरणादायी अवसर भी है। विधायक ने बल देते हुए कहा कि सतनाम मेला सदियों से सतनामी समाज की पहचान, एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक रहा है। यह महान परंपरा हमें सत्य, अहिंसा, समानता, परिश्रम और मानवता के उच्च आदर्शों की याद दिलाती है, जो इसके केंद्र में निहित हैं। विधायक डॉ. अग्रवाल ने सतनामी समाज के आराध्य गुरु, गुरु घासीदास बाबा के जीवन और दर्शन पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि गुरु बाबा ने समाज को सत्य को ही ईश्वर मानने की सीख दी। सतनाम बोली हरि का नाम यह वाक्य मात्र एक धार्मिक मंत्र नहीं है, बल्कि जीवन को सरल, पवित्र और समता-भाव से भरने का एक शाश्वत संदेश है। उन्होंने बताया कि गुरुजी का पूरा जीवन संघर्ष और समाज-सुधार की कहानी है। उन्होंने समाज को जाति-भेद, अंधविश्वास, अन्याय और शोषण से मुक्त कर मानवता, समानता और नैतिकता का मार्ग दिखाया। विधायक ने जोर दिया कि गुरुजी के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में




थे। उन्होंने कहा कि सतनाम मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह सामाजिक चेतना का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह वह मंच है जहाँ लोग दूर-दूर से आकर मिलते हैं, विचार साझा करते हैं, संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं, और गुरु परंपरा की सीखों को जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। मेले के स्वरूप का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि इस मेले में लोकगीत, संस्कृति, परंपराएं, कला और समाज की एकजुटता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनाने का एक शक्तिशाली माध्यम है। विधायक अग्रवाल ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों, जैसे शिक्षा, रोजगार, नशा-मुक्ति, सामाजिक सौहार्द और नेतृत्व विकास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा की शिक्षाएँ हमें इन चुनौतियों में सही दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि मानव-मानव एक समान का मार्ग आज की पीढ़ी के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। युवा वर्ग को गुरुजी की तपस्या, सरलता और कर्मवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। विधायक अग्रवाल ने सभी से एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि गुरु पर्व सतनाम मेला जैसे आयोजनों को केवल एक उत्सव न मानकर, सामाजिक जागृति और आत्म-सुधार का अवसर बनाएं। हमें अपने बच्चों को सतनाम संस्कृति, गुरु परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करें और समाज की उन्नति के लिए कार्य करें।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, राजमहंत पीएल कोसरिया, तरेकेला कबीर कुटी आश्रम महंत लखन मुनि साहेब, विधानसभा संयोजक एनके अग्रवाल, पिथौरा जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, बसना जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद सदस्य मधु खूंटे, ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर, मंदिर समिति पूर्व अध्यक्ष सुवर्धन प्रधान, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डिग्रीलाल रात्रे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, अभय धृतलहरे, संचालन लखन कुर्रे, पंथी नृत्य में उपराष्ट्रपति से सम्मानित रोहित कोसरिया, कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष मिलाप निराला, सचिव कुशल रात्रे, कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यगण डिजेंद्र कुर्रे, डॉ मनीष भारद्वाज, अजीत महिलांगे, लिलेश्वर कोसरिया, हेमंत मिरी, जीवन रात्रे, किर्तो मिरी, संत लाभोदास संत रिपु दास, जवाहर लहरे, नरेंद्र रात्रे, लोकनाथ खूंटे, संतराम कुर्रे, ताजाराम खूंटे, बाबूलाल काशी, समाज सेवी उड़ीसा प्रांत रामप्रसाद ओंगरे, नरेंद्र बोरे, समाज के संत, महंत, सामाजिक प्रतिनिधि, युवा, मातृशक्ति, संत समाजजन उपस्थित रहे।

# बेमचा में हुई पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 01 दिसंबर को गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में श्रीराम कुमार साहू अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष रामकुमार साहू, महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष आर साहू, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, भूषण लाल भोसले, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आरके श्रीवास्तव, रेखराम साहू, डोमार साहू, एसडी मानिकपुरी, नेहरू साहू, बोधन साहू आदि ने भगत राम साहू के मार्गदर्शन में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। संगठन के नए सदस्य डोमार राम साहू शिक्षा विभाग का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान प्रदान किया गया।

इसी क्रम में यशोदा तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षिका के जन्म दिवस पर उन्हें श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। भगत राम साहू द्वारा गीता जयंती पर प्रकाश डाला। गायत्री परिवार के हीरालाल साहू ने सभी पेंशनरों को सादगीपूर्ण-गौरवशाली जीवनयापन हेतु



संकल्प पाठ कराया। आरके श्रीवास्तव ने पेंशनरों को मिलने वाली पेंशन पर 65 वर्ष पूर्ण होने पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पूर्ण होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 वर्ष पूर्ण होने पर 15 प्रतिशत एवं 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता दिये जाने संबंधी मांग की। पेंशनरों के माता एवं पिता दोनों की मृत्यु होने पर उनके पुत्र को शासकीय नौकरी दिए जाने की भी मांग की। पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा संगठन को मजबूत करने एवं सभी सदस्यों को मासिक बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया। वरिष्ठ साहित्यकार राजेश्वर खरे द्वारा मनमोहक स्वरचित गद्य पाठ किया गया, जिसका खूब प्रशंसा की गई है। वरिष्ठ पेंशनर एलएन शर्मा द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि कोई भी कर्मचारी जब सेवानिवृत्त होते है तो 06 माह पूर्व उनकी पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए, ताकि सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी की स्वत्वों का भुगतान किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में रामकुमार साहू ने कहा कि ग्राम मचेवा स्थित शासकीय भूमि की मांग पेंशनर्स भवन निर्माण के लिए किया गया है। वह अभी भी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में लंबित है। आभार प्रदर्शन संठन मंत्री चमन लाल साहू ने किया।

बैठक में बीएल पटेल, एलके साहू, भागवत साहू, शिव कुमार साहू, सुभाष नंद, विष्णु प्रसाद मिश्रा, रविकांत चंद्राकर, एसपी तिवारी, गणेश बहादुर गुरूंग, जगमोहन साहू, रिखी राम साहू, परस चौहान, त्रिलोकी साहू, एनके शर्मा, सुजान यदु, मोहन साहू, रामधन, हीरालाल साहू, रामटहल निषाद, तिलचंद यादव, हेमसिंग, जीवन कुलदीप, गनेशी बाई, गोकुल दास, चोवाराम, मुरलीधर पटेल, जगन्नाथ साहू आदि मौजूद रहे।




### दिशा की बैठक में सांसद ने विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से करने विभागों को किया निर्देशित

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अनेक योजनाएं चल रही हैं, लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ-साथ पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाने के लिए व्यक्तिगत रूप से पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में मुनादी कराकर चौपाल लगाएं और हितग्राहियों का चयन करें। सांसद ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, शिक्षा, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास आदि की विस्तृत समीक्षा की।

# गोपालपुर में अमर ने किया कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ



**महासमुंद।** ग्राम गोपालपुर में भगत सिंह क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने प्रेरित करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने उत्साहित किया। इस दौरान जिपं सदस्य प्रतिनिधि अमर ने कहा कि गोपालपुर के ग्रामीणों के प्रयास से प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन होते हैं। जिससे क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वर सिंह ध्रुव, उपसरपंच उमा महेश निषाद, कुलदीप साहू, मन्नू निषाद, जितेंद्र निषाद, केजराम निषाद, ललित निषाद पंच गण, मंशा विश्वकर्मा, मनोहर निषाद, जोहन निषाद, श्याम लाल यादव, पुरायण निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, कबड्डी खिलाड़ी व समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झलप कृषि उपज मंडी का निरीक्षण, किसानों की समस्याएं होंगी दूर: प्रभारी मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा महासमुंद जिला के प्रभारी मंत्री ने झलप कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने 2 एकड़ पर 1 टोकन की व्यवस्था में ढील देने तथा समिति में धान खरीदी की सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग रखी। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट 10 तारीख से बढ़ा दी जाएगी एवं सभी किस्म के धान को एक ही टोकन में खरीदी की व्यवस्था है, जिसकी जानकारी सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों को दे दिया गया है, जिससे किसानों को अपने धान की बिक्री में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला खाद्य अधिकारी का नंबर सभी खरीदी केंद्र में उपलब्ध किया



जाएगा। मंडी परिसर का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने फड़ में रखे धान और तौल किए जा चुके धान की व्यवस्था देखी। उन्होंने कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्तर पर धान बेचने में परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, ललिता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, धरम पटेल, सरपंच राकेश साहू, देवा नायक, रूपलाल पटेल, कमल कौशिक, निर्भय नायक, छबिंद्र पटेल, देवेन्द्र राय, हनी गंभीर, डोमन यादव, सतीश मारकंडे, संतोष पांडा, खेमराज बघेल, जगमोहन ठाकुर, चंद्रशेखर पटेल,चैतू पटेल, रज्जन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक टीम से जिलाधिकारी विनय कुमार लंगहे, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अश्रा गुप्ता, जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, उप-पंजीयक संस्था द्वारिकनाथ, तहसीलदार जुगल किशोर, नायब तहसीलदार नीरज कुमार, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिला खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, झलप समिति अध्यक्ष सागर साहू, समिति प्रभारी राजकुमार प्रधान, खरीदी प्रभारी मदन पटेल एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान किसानों ने मंत्री के निर्णयों पर संतोष जताया और उम्मीद जताई कि नई व्यवस्था से खरीदी प्रक्रिया और सुगम होगी।

# क्रेशर खदानों की निगरानी नहीं, इसलिए सुरक्षा मानकों और गाइडलाइन को ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


अलग खबर

रायपुर जिले में संचालित क्रेशर की कई खदानों में एनजीटी और खनिज विभाग की गाइड लाइन को ताक पर रखकर खनन कराया जा रहा है। हरिभूमि ने सोमवार को जिले के धनसुली सहित आसपास लगे ग्रामों में क्रेशर खदानों की लाइव पड़ताल की। इस दौरान कई चालू खदानों में सुरक्षा मानकों, खनिज विभाग की गाइड लाइन तथा पर्यावरण संबंधित निर्धारित गाइड लाइन के विरुद्ध खनन करते पाया। यहां की क्रेशर खदानों में निर्धारित जमीन के मीटर से कई गुना अधिक मीटर तक बारूद बिछाकर विस्फोट कराया जा रहा है। इस विस्फोट के दौरान सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं हो रहा है, जिससे जनहानि की जहां संभावना बनी रहती है, वहीं विस्फोट करने में अधिकतम कितनी मात्रा में बारूद का उपयोग किया जाना है, इस संबंध में भी कोई निगरानी नहीं की जा रही है। इस तरह क्रेशर खदानों की निगरानी नहीं किए जाने का फायदा खदानों के संचालक उठा रहे हैं।

**सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं :** श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) जैसे कि नाक के मास्क, सुरक्षा जूते और हेलमेट प्रदान किए जाने चाहिए। इन खदानों में इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। कई खदानों में लोग बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते मिले। सूत्रों के अनुसार जमीन से 6 मीटर से अधिक खुदाई नहीं की जानी चाहिए, लेकिन यहां ऐसी कई खदानें हैं जो 15 मीटर से अधिक गहरी हो चुकी है। कुछ खदानें तो 50 मीटर से अधिक गहरी हैं। इन खदानों में अभी भी खनन का कार्य जारी है।

***अनुमति से कई गुना अधिक खनन, राजस्व का नुकसान***

*जिन क्रेशर खदानों को लीज पर दिया गया है, उन सभी खदानों का दायरा सीमित है। खसरा और रकबा के आधार पर इन खदानों को लीज पर दिया गया है। गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित रकबा से अधिक जमीन पर उत्खनन नहीं किया जा सकता, लेकिन सूत्रों की मानें तो यहां ऐसी कई खदानें हैं, जहां निर्धारित से अधिक रकबा में खनन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लीज पर देने के बाद कई सालों से इन खदानों के रकबा का सीमांकन ही नहीं हुआ है। ऐसे में कई संचालक निर्धारित से अधिक रकबा में अवैध रूप से खनन कराकर शासन को लाखों-करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं।*





### जानकारी नहीं

धनसुली क्षेत्र का प्रभार दो इंस्पेक्टर के बीच बंटा हुआ है। अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है और न ही क्षेत्र का दौरा किया है। इसीलिए अभी कुछ भी बता नहीं पाऊंगा।

- **हेलेंद्र स्वर्णपाल**, खनिज निरीक्षक रायपुर

### शिकायत नहीं मिली

क्रेशर खदानों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- **स्तुति निगम**, खनिज निरीक्षक

***निर्धारित से कई गुना अधिक होल एवं मीटर तक बारूद बिछाकर कर रहे ब्लास्टिंग:*** *धनसुली में खदानों की पड़ताल के दौरान टीम एक क्रेशर खदान पहुंची। खनिज विभाग ने यहां 3.62 हेक्टेयर में क्रेशर खनन करने की अनुमति दी है। इस खदान में जब टीम पहुंची, उस समय विस्फोट करने के लिए बारूद बिछाने का कार्य विस्फोटक संबंधी एक एजेंसी के कर्मचारी कर रहे थे। खनिज विभाग के सूत्रों के अनुसार खदान में एक बार में 20 से ज्यादा होल नहीं किए जा सकते, वहीं होल की गहराई भी एक मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बाद भी इस खदान में 50 से अधिक जगह पर होल किए गए थे, वहीं होल की गहराई भी 6 मीटर से अधिक थी। पूछने पर कर्मचारियों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि उन्हें जो आदेश मिला है, उसके अनुसार बारूद बिछा रहे हैं।*

### क्रेशर से उड़ रही डस्ट से ग्रामवासी परेशान

क्रेशर खदानों में पर्यावरण विभाग के नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। खदानों में धूल उत्सर्जन को रोकने के लिए क्रशिंग और लोडिंग-अनलोडिंग पॉइंट्स पर पानी के छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। कन्वेयर सिस्टम और क्रशर मशीनरी को उचित कवर या शेड से ढका जाना चाहिए, वहीं धूल के फैलाव को सीमित करने के लिए प्लांट के चारों ओर पहुंच मार्गों के किनारे घने पेड़-पौधे लगाकर हरित पट्टी विकसित करना है। इन सभी नियमों में से एक भी नियम का क्रेशर खदानों में पालन होता नहीं पाया गया। इसके कारण इन खदानों से उड़ रही धूल इस क्षेत्र के ग्रामों तक पहुंच रही है, जिससे इस क्षेत्र के रहवासी परेशान हैं।

# झलप में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का किया स्वागत



**झलप।** शोभायात्रा के लिए बसना जा रहे मंत्री गुरु खुशवंत साहिब का झलप में स्वागत किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के अध्यक्ष महेंद्र कुमार कोसरिया, उपाध्यक्ष नृप नरेंद्र बाघमारे, मायाराम टंडन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भारती, सचिव चैतु मार्कंडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी टोंडरे, शत्रुघ्न चेलक, धनेश गायकवाड़, जनपद सदस्य आनंद ढीढी, आनंद बाघमारे, काशीराम बघेल, केशव कोरे, रूपराम कोरे, दयानंद सरस्वती, राजन जांगड़े, देव कुमार टंडन, हीरो भारद्वाज, प्रेमलाल जांगड़े आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### साहित्य सदन में कवियों ने दी प्रस्तुति, बांधा समां

**रायपुर।** नव छत्तीसगढ़ साहित्य संस्कृतिक संस्थान द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित साहित्य सदन में सोमवार को छत्तीसगढ़ स्तरीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार कवि संजीव ठाकुर ने की। इसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद कवयित्री सुमन शर्मा बाजपेई, डॉ. मीता अग्रवाल, युवा कवि ऋषभदेव साहू, कवयित्री भारती यादव, कवि रामजी ध्रुव ने एक संवेदनशील रचना, विवेक कुमार रहटगांवकर ने सुनाकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार संजीव ठाकुर ने एक छोटी सी बात रखकर तरन्नुम में गजल सुनाई। गजल सुनाकर संजीव ठाकुर ने समां बांध दिया। इस अवसर पर भिलाई से पधारे साहित्यकार कवि नितेश ठाकुर ने भी अपने सुझाव दिए। इस दौरान कवि-साहित्यकार महेश पालीवाल, पत्रकार शशांक खरे उपस्थित थे।

## आयोजन : विखं के चयनित प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत हुई जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय, महासमुंद के सभा कक्ष में उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में विज्ञान, तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान एवं रचनात्मकता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, महत्वपूर्ण यह है कि हर बच्चा सीखते हुए आगे बढ़े और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करें। कलेक्टर ने प्रतियोगिता के संचालन में उपयोग हुई तकनीक और उपकरणों की प्रशंसा की तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट आयोजन के चलते श्रेष्ठ प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचे हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने विषयों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान का अच्छा ज्ञान हर क्षेत्र में



लाभकारी होता है। अवसरों की प्रतिस्पर्धा में ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है। डीएमसी रेखराज शर्मा ने प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि यह आयोजन स्कूल स्तर से प्रारंभ होकर संकुल, विकासखंड और अंततः जिला स्तर तक हुआ। उन्होंने इसे बच्चों में आत्मविश्वास, ज्ञान-वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने वाला बताया। प्रतियोगिता के प्रमुख राउंड में पहला रैपिड फायर राउंड जिसमें प्रत्येक टीम को 2 मिनट में 10 प्रश्न पूछे गए। हर सही उत्तर पर 10 अंक दिए गए। दूसरा पास राउंड जिसमें प्रत्येक टीम को 5 प्रश्न दिए गए। गलत उत्तर या उत्तर न देने पर प्रश्न अगली टीम को पास किया जाता था। इस राउंड में समय सीमा नहीं रखी गई। तीसरा राउंड सही-गलत राउंड जिसमें सभी टीमों के लिए एक साथ प्रश्न पूछे गए। टीमों को उपलब्ध तख्ती के माध्यम से सही या गलत का संकेत देना था तथा चौथा राउंड बज़र राउंड जिसमें सभी प्रश्न बहुविकल्पीय थे, जिन्हें एलसीडी टीवी पर प्रदर्शित किया गया। साथ ही कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर एक विशेष राउंड आयोजित किया गया, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेला। परिणाम में प्रारंभिक वर्ग में प्रथम स्थान विकासखंड पिथौरा, द्वितीय विकासखंड बसना, तृतीय महासमुंद तथा माध्यमिक वर्ग में प्रथम बागबाहरा, द्वितीय बसना एवं तृतीय पर महासमुंद रहा। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, एपीसी संपा बोस, विद्या साहू, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, एबीईओ तारिका कुंजाम, खेल अधिकारी अंजली बरमाल, कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया और जागेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैलेंद्र नायक, चंद्रकांत चौरसिया, कृष्ण कुमार नायक, विकास निषाद, लक्ष्मी मानिकपुरी, भारती सोनी, अमित कुमार चौरसिया, लीलाधर प्रधान, वीरेंद्र कुमार चौधरी, प्रेमचंद साव, रिंकल बग्गा, अमित कुमार उईके, उग्रसेन पटेल, जगदीश सिन्हा, सुबोध तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में विश्व एड्स दिवस पर जनजागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व एड्स दिवस पर शासकीय

- विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर, डीपीएम नीलू घृतलहरे, डॉ. छत्रपाल चंद्राकर और डॉ. घनश्याम साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम बाधाओं को दूर करना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना रही। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, बचाव, उपचार और जागरुकता से जुड़ी विस्तृत जानकारी विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, मिथक और वास्तविकताओं तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स को लेकर जागरुकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना और युवाओं को सुरक्षित व्यवहार के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षणार्थी के लिए निबंध प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायकों द्वारा चयनित विजेताओं को कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजन में आईसीटीसी स्टाफ, प्रशिक्षण केंद्र के सभी अधिकारी, प्रशिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवपदस्थ प्राचार्य ने संकुल की बैठक में शासन के योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन की दी हिदायत

**महासमुंद।** कक्षा पहली से बारहवीं तक एक ही परिसर में संचालित संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में नवपदस्थ प्राचार्य देवनारायण जांगड़े का विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षक स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने पश्चात प्रवेश पर सभी 755 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वे स्वागत से अभिभूत हैं। समारोह पश्चात संकुल के प्रधानपाठकों का आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य रूप से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी, अपार आई डी, जाति प्रमाण पत्र, बोर्ड परीक्षा परिणाम में संस्था स्तर की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में समन्वयक सुरेश पटेल, प्रधानपाठक लक्ष्मीकांत सिंहा, सरस्वती कुर्रे, वृंदा चंद्राकर, जय उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में संस्था के पूर्व प्रभारी प्राचार्य शोभा सिंहदेव, शिक्षक हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल, सुधा ब्रम्हभट्ट, मिली गुप्ता, रामकुमार भट्ट, मोनिका गजभिए, संतोष चंद्राकर, हेमराम साहू, नीतू बिसेन, सुनीता बंजारे, आशा यादव, सरिता लहरे, रेखा चंद्राकर, लीना चंद्राकर, सीता शर्मा, धनेन्द्र साहू, लोकेश यद्दु, हरीश, क्षिप्रा वैष्णव आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का 128वां संस्करण प्रसारित, राष्ट्रहित और जनभागीदारी पर रहा ज़ोर

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 128वां संस्करण रविवार को प्रसारित हुआ। विधानसभा के बेलसोंडा शक्ति केंद्र साराडीह बूथ क्रमांक 217 में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर द्वारा परिवारजन के साथ सुना गया। इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष सेवक साहू, भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र साहू, संतोष साहू, सागर चंद्राकर, तेजन चंद्राकर तथा मातृशक्ति की ओर से लता साहू, तुलसी साहू, अमीन साहू, ओमेस्वरी निर्मलकर, बिमला साहू, चंद्रकुमारी चंद्राकर, रुक्मणी चंद्राकर, पार्वती साहू,



गायत्री साहू, मीना साहू, गंगा साहू, संतोषी विश्वकर्मा, संतोषी साहू, संतोषी चौहान आदि उपस्थित रहे।

## सावित्रीपुर विद्यालय में शिक्षक ने किया विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

प्राथमिक विद्यालय सावित्रीपुर के प्रधानपाठक महेंद्र तांडी ने अपनी माता स्वर्गीय भगवती तांडी की प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सावित्रिपुर परिसर के कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्टाफ को आमंत्रित किया गया।

विद्यार्थियों ने दिवंगत माता को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और तांडी परिवार की इस सामाजिक एवं संस्कारित पहल की सराहना की। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन परोसा गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, सौहार्द्र और सहभागिता का वातावरण बना रहा।



प्रधानपाठक महेंद्र तांडी ने कहा कि मां के संस्कारों और उनके आशीर्वाद ने ही मुझे सदैव समाजसेवा और बच्चों के हित में काम करने की प्रेरणा दी है। आज का आयोजन उन्हीं मूल्यों को विद्यार्थियों के बीच बांटने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक मूल्यों और आपसी सहयोग की भावना से जोड़ते हैं। विद्यालय में इस प्रकार का सकारात्मक वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र निर्माण की मजबूत नींव रखी जा सके।

# कुंभकार समाज के कुराल पूजा महोत्सव में शरीक हुए लोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

खल्लारी विधानसभा के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत परसुली में कुंभकार समाज द्वारा कुराल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य रहे।

अध्यक्षता कुम्हार समाज सर्कल न.1 अध्यक्ष सिया राम पांडे, सचिव रूपचंद पांडे, पूर्व उपसरपंच भोजराम चक्रधारी, भाजपा युवा नेता परमेश्वर पटेल, युवा नेता देवेंद्र चक्रधारी, रेखराम चक्रधारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। इस महोत्सव में लोचन ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भगवान चक्रधर विष्णु का जयघोष के नारे लगाते हुए कहा कि कुंभकार समाज की गौरवशाली परंपरा कुराल पूजा पर एकत्र हुए हैं। कुराल पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे श्रम, हमारे सृजन और हमारी संस्कृति का उत्सव है। कुंभकार समाज सदियों से मिट्टी को कला का रूप देकर घड़ा, दीया, कलश, हांड़ी और अनेक उपयोगी वस्तुएँ निर्माण करता है। हमारा जीवन और हमारी



संस्कृति सब कुम्हार के हाथों की मिट्टी की सुगंध से ही पूर्ण होते हैं। कुराल पूजा में हम चाक, औज़ारों और मिट्टी का सम्मान करते हैं, क्योंकि यही हमारे सृजन और आजीविका की नींव हैं। यह पूजन हमें याद दिलाता है कि श्रम ही पूजा है और मिट्टी ही माता है।

आज हमारी सरकार आत्मनिर्भर भारत, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे संकल्पों को सार्थक कर रही है। समय आ गया है कि हम बेटा बचाओ, बेटा पढ़ाओ पर भी समान बल दें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, और रोजगार पर विशेष जोर दिया। साथ ही युवा पीढ़ी नशामुक्त होकर शिक्षित समाज निर्माण में योगदान देने प्रेरित किया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज ने लोचन पटेल एवं अन्य अतिथियों का श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनन्दन भी किया। कुम्भकार समाज परसुली श्रेत्र क्रमांक 1 के पदाधिकारीगण सियाराम पाडे, जलसिंह चक्रधारी, नेतराम चक्रधारी, रूपचंद, भोज राम चक्रधारी, कपूरचंद, बालेश्वर, लक्ष्मी पांडे सहित सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### वृन्दावन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देखा आदिवासी संग्रहालय

**महासमुंद।** वृन्दावन विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए 29 नवंबर कक्षा 3री से कक्षा 7वीं तक के छात्र-छात्राओं को रायपुर के तीन स्थलों छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय, पुरखौती मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क भ्रमण पर ले जाया गया। जहां बच्चों को छग के स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन गाथा व आदिवासियों के जन जीवन और छत्तीसगढ़ के संस्कृति व विरासत के विषय में जानकारी मिली। बच्चों द्वारा भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन एवं ऊर्जा पार्क में खूब मनोरंजन किये, विद्यालय द्वारा कराया गया यह शैक्षणिक भ्रमण सफल रहा। शैक्षणिक भ्रमण की सफलता पर विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन एवं उप प्राचार्य इंदु मिश्रा ने हर्ष जताया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, संध्या सोना, वर्षा चंद्राकर, जागृति साहू, नीरु माँझी, सुषमा साहू, रिंकी कुर्रे, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, प्रवीण साहू, होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, तेजन कुमार, लक्ष्मीनारायण साहू, चंदना सोनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, आरती गुप्ता, भूमिका निर्मलकर का योगदान रहा।



### देवरी में मेंटर नियुक्त, छात्रों को बांटे प्रमाण पत्र

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में सोमवार को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के नियमित देख रेख के लिए मेंटर नियुक्त किया गया एवं विकासखण्ड बागबाहरा स्तरीय भारत स्काउट और गाइड के द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा में आयोजित की गई थी में शामिल विद्यालय के छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो में देवानंद चंद्राकर शिक्षक, देवा, ओमप्रकाश साहू, रविन निराला, धनेश निषाद, प्रभात, नागेश्वर, करण, अनिल शामिल रहे। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को 20 से 25 की संख्या में बांटकर हर ग्रुप में एक एक व्याख्याता और समस्त स्टॉफ को शामिल किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि छात्र छात्राओं के किसी भी प्रकार की समस्या, मांग, शिकायत, परीक्षा मार्गदर्शन, शैक्षिक रचनात्मक क्रियाकलाप आदि में सहयोग और यथासंभव समाधान मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेंगे। मेंटर बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया में वरिष्ठ व्याख्याता परस राम सिन्हा और नेशलाल धृतलहरे का योगदान रहा। व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा को मेंटर के रूप में जिम्मेदारी दी गई। इस प्रक्रिया से छात्र छात्राओं में उत्साह है।

## खुटेरी में स्वच्छता अभियान संदेश के साथ प्राचार्य का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के छात्रों ने दीप ज्योति, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ नवपदोन्नत प्राचार्य एनपी तिवारी का स्वागत किया। संस्था के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, प्राथमिक प्रधानपाठक डोलामणि साहू, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा, प्रभाकिरण, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, महेश ध्रुव अध्यक्ष, हंसराज निषाद अध्यक्ष, अभिनंद नाग आदि ने शाल, श्रीफल, मोमेंटो और भागवत गीता डायरी से उनको सम्मानित किए। तिवारी ने स्वच्छता को



स्वास्थ्य का आधार मानकर जीवन में अपनाने पर बल दिया। सरपंच सुशीला मांझी ने रामदर्शन के छात्राध्यापकों के इस अभियान को सराहा। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामदर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन जंघोरा पिथौरा के बीएड प्रथम सेम. एवं डीएल एड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा जागरुकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक के संग संग रामदर्शन के छात्राध्यापकों की सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षक का प्रमुख केंद्र था। कार्यक्रम में रामदर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन जंघोरा पिथौरा के प्राचार्य जीआर निषाद सर एवं गोविन्द भारती, अनिता ध्रुवंशी, कल्पना ध्रुवंशी, मानक लाल बारले, शांति बारले और थानेश्वर दीवान के नेतृत्व में समस्त स्टॉफ सहित ग्राम खुटेरी के नागरिक शिक्षाविद चंचल सिन्हा, पूर्व सरपंच घनश्याम धाँधी, सदस्य प्रबंध समिति प्रीतम बरिहा व जीवर्धन, लेखराम, पालक रजनी पटेल भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### कॉलेज में विज्ञापन प्रस्तुतिकरण का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे एवं विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा के निर्देशन में 2 दिसंबर को वाणिज्य संकाय के एम काम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विपणन एवं विज्ञापन प्रबंध में असाइनमेंट के रूप में विज्ञापन प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं द्वारा उत्पाद की उपयोगिता, गुण, रंग रूप, संरचना को प्रदर्शित करते हुए उपभोक्ता को वस्तु क्रय करने के लिए प्रेरित करने विज्ञापन किया गया। जिसमें एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के 13 समूह द्वारा समूह में अधिकतम 04 विद्यार्थियों द्वारा विज्ञापन का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें अनेक विषय जैसे सनसिल्क शैंपू , एसआईआर, साइबर क्राइम, हेयर ऑयल, ब्रेड, डिटर्जेंट पाउडर, निकिता सॉल्वड, विक्स चॉकलेट, मेंटोस, मैजिक पेन, फेस वॉश जैसे विभिन्न विषयों पर विज्ञापन बनाकर प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय द्वारा आज के प्रतिस्पर्धा के युग में विज्ञापन की महत्ता को बताते हुए कहा कि जो ₹दिखता है वही बिकता है₹ विज्ञापन पर किया गया व्यय कभी व्यर्थ नहीं जाता, यह व्यय ना होकर विनियोग है। जिससे उत्पाद का प्रचार प्रसार कर भविष्य में लाभ कमाया जा सकता है। प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों में झिझक दूर होती है। साइनमेंट रुचिकर हो जाता है। सहायक प्राध्यापक वाणिज्य राजेश्वरी सोनी द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि विभागीय गतिविधियों में नवीनता लाने के लिए विभाग के सभी सदस्यों का सराहनी सहयोग रहा। विज्ञापन बनाओ प्रस्तुतिकरण असाइनमेंट में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीषा प्रधान, मनबोध चौहान, परवीन नजीब, डॉ भूपेंद्र पात्र, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कॉलेज में एड्स नियंत्रण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन, यूके बरिहा (नोडल अधिकारी, रेड रिबन क्लब), शब्या पटेल (आईक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस एवं एचआईवी एड्स नियंत्रण जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रेड रिबन क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सूरज कन्हेर (एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र), द्वितीय त्रिभुवन स्वामी (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) तथा पोस्टर




प्रतियोगिता में प्रथम सूरज कन्हेर (एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र), द्वितीय त्रिभुवन स्वामी (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) ने अर्जित किया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थी सूरज कन्हेर, अमृत बरिहा, प्रियंका बारिक, चंद्रिका सागर, सुनीता चौहान, प्रशांत साहू ओम कुमारी एवं विमल प्रधान ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी एड्स जागरुकता के संबंध में संदेश दिया गया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स जागरुकता का शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एमएन सिदार (विभाग अध्यक्ष भूगोल), डीके मांझी, डॉ आरएस पटेल (यूथ रेड क्रॉस प्रभारी), डॉक्टर चंद्रिका चौधरी (साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी), हेमलता पटेल (सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र), अनिल गुप्ता, ओम कुमारी नायक, आरती साहू, सुनीता जगत, ललिता चौधरी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन पीतांबर बाघ ने किया।

## खबर संक्षेप



### विजय दिवस को लेकर चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक के आसपास पर साफ-सफाई किया जा रहा है। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक में तैयारी की जा रही है।



### तुसदा में छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुसदा के छात्रों को न्योता भोज कराया गया। शिक्षक मनोहर लाल साहू ने अपने 57वें जन्मदिवस पर यह भोज कराया। इस कार्यक्रम को रोचक एवं यादगार बनाने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल तुसदा से अवध राम चौधरी व्याख्याता, रामलाल चक्रधारी, पुष्पलता भार्गव, विजय लक्ष्मी साहू, दुर्गा नंदे, सीपी साहू, नंद कुमार पटेल, सरिता चंद्राकर, भारती सिंह, वंदना चंद्राकर, मुरली मनोहर देहारी, चंदन, मिडिल विभाग से प्रधान पाठक किसलाल धनकर, गुलशन वर्मा, मुकेश चंद्राकर, योगिता चंद्राकर, पूर्णिमा पटेल, सरिता तंबोली एवं ममता यादव का सहरानीय योगदान रहा।

# रजत जयंती सप्ताह का दूसरा दिन, वन काष्ठागार में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

लघु वनोपज संघ द्वारा रजत जयंती सप्ताह पर जिलेभर में वानिकी एवं वनोपज आधारित गतिविधियों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में दूसरे दिन वन काष्ठगार पिथौरा में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिलेभर से आए संग्राहकों, समितियों के पदाधिकारियों और कृषकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के उपप्रबंध संचालक एआर बंजारे ने किया। उन्होंने वनोपज आधारित योजनाओं, समितियों के संचालन और सतत वन प्रबंधन पर जानकारी देते हुए कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर ही वनोपज संग्रहण को लाभकारी और दीर्घकालिक बनाया जा सकता है। पिथौरा के रेंजर शकील कुरैशी भी पूरे समय उपस्थित रहे और प्रतिभागियों को विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञों ने वनोपज क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। सहायक प्रबंधक पूजा वर्मा ने कहा कि वानिकी गतिविधियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बन सकती हैं। यदि संग्राहक प्रशिक्षण प्राप्त कर गुणवत्ता के मानकों का पालन करें, तो वनोपज से आय में कई गुना वृद्धि संभव है। डिप्टी रेंजर चंद्रशेखर धुरंधर ने सतत और विनाशविहीन विदोहन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वन संसाधनों का संरक्षण तभी संभव है जब संग्रहण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाए। अनियमित दोहन न केवल जंगलों




को नुकसान पहुंचाता है बल्कि संग्राहकों की भविष्य की आजीविका पर भी असर डालता है। सहायक प्रबंधक कौशल कुमार ने वनोपज की गुणवत्ता एवं संग्रहण केंद्र संचालन पर कहा कि गुणवत्ता मानकों का पालन, स्वच्छ एवं व्यवस्थित संग्रहण केंद्र, तथा समय पर माप-तौल ये सभी चीज़ें समितियों की साख और आर्थिक स्थिति को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे लघुवनोपज पिथौरा के रेंजर शकील कुरैशी ने कहा कि वनोपज संग्रहण केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह वन संरक्षण से सीधे जुड़ा हुआ दायित्व है। हमारे संग्राहकों और समितियों को यह समझने की आवश्यकता है कि जिम्मेदार संग्रहण से ही जंगल सुरक्षित रहेंगे, और जंगल सुरक्षित रहेंगे तो वनोपज की निरंतरता भी बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग की प्राथमिकता संग्राहकों को सुरक्षित, वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीकों की ओर प्रेरित करना है। दिनभर चले प्रशिक्षण सत्रों में वनोपज की वैज्ञानिक पद्धतियों, मूल्य संवर्धन, सुरक्षा उपायों और समितियों की वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

रजत जयंती सप्ताह के तहत 3 दिसंबर को तेंदूकोना में कार्यशाला एवं वैद्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जबकि 4 से 6 दिसंबर तक जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें सभी विकासखंडों के प्रतिनिधि, अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और हितग्राही मिलाकर लगभग 1000 प्रतिभागियों की उपस्थिति रहेगी। लघु वनोपज संघ के अनुसार, इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य एकरूप जिला नीति बनाना, वैज्ञानिक एवं सतत संग्रहण पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा समितियों को आर्थिक रूप से अधिक सुदृढ़ बनाना है।

### चर्चा : कलेक्टर विनय लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# धान खरीदी में नोडल अधिकारी सतत मॉनिटरिंग करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए किसानों से लगातार चर्चा करते रहें। उन्होंने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सहज बने, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाए तथा निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधन, धान की नमी जांच, तौल उपकरण, मिलान पर्ची व्यवस्था, ऑनलाइन एंट्री, और तौल-प्रक्रिया पारदर्शिता




के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों का सतत निरीक्षण करने टोकन की जानकारी, स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को चेकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अवैध जप्त धान को थाना में अनिवार्य रूप से सुपुर्द करें। उन्होंने हर सप्ताह भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक एप के माध्यम से जिन किसानों का पंजीयन हुआ है। उनका धान खरीदा जाएगा। एप के माध्यम से जिन किसानों के रकबा एंट्री, वारिसान पंजीयन में त्रुटि हुआ है उनका सत्यापन भी जारी है। पीवी एप से संबंधित सत्यापन का कार्य जारी है। इसलिए किसान यदि पंजीकृत है, तो उनका धान खरीदा जाएगा। कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जिले के चार विधानसभा केंद्रों में 1083 बीएलओ द्वारा लगभग शत प्रतिशत गणना पत्रक वितरित कर संग्रहण का कार्य किए जा चुके है तथा आज तक 95 प्रतिशत तक डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं, पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रक, राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का निराकरण करें।

### सांकरा पहुंची अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक 4000 किमी की विशाल यात्रा पैडल टू प्लांट




**सांकरा।** पैडल टू प्लांट की यात्रा सांकरा पहुंची, जिसका बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने फूल माला से से स्वागत किया। यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक लाख पौधारोपण का संकल्प लेकर निकली इस अद्भुत पहल का नेतृत्व निशा कुमारी कर रही हैं। आज कार्यालय सांकरा में सभी पैरा–साइकलिस्टों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, सरपंच सांकरा सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष सांकरा हलधर साव, जनपद सदस्य कंवलजीत छाबड़ा पम्मी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, डॉ सुशील प्रधान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बसना शीत गुप्ता, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, अशोक साहू उपस्थित रहे।

### अपर कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम किशनपुर पिथौरा निवासी शकुंतला बरिहा ने आरसीबी 6-4 के तहत सहायता राशि के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम सिवनीकला निवासी हमेश्वरी साहू ने समग्र शिक्षा मद से ग्राम पंचायत को राशि दिलाने, ग्राम गौरखेड़ा निवासी रमेश ध्रुव ने कृषि भूमि में गिरदावरी संबंधी समस्या, ग्राम धनसुली महासमुंद निवासी योगेश यादव ने मजदूर पंजीयन कार्ड शुरू करने के लिए, ग्राम लक्ष्मीपुर बागबाहरा निवासी योगेश साहू ने ऑपरेशन के लिए सहायता राशि, ग्राम सिरगिड़ी निवासी अंजू साहू ने बाल विकास संरक्षण स्पॉन्सर योजना के तहत बच्चों को योजना का लाभ दिलाने, ग्राम परसकोल महासमुंद में कोलता समाज द्वारा भवन को पूर्ण करने के लिए आवेदन किया गया। इसके अलावा अग्रिम भुगतान, ऑनलाइन पंजीयन, लंबित भुगतान, फसल जब्ती, अवैध अतिक्रमण, लोन भुगतान, एग्रीस्टैक पंजीयन, श्रमिक पंजीयन कार्ड, पीएम सूर्यघर योजना, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, पीएम आवास संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह जंघोरा स्थित शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में पिथौरा थाना प्रभारी उमेश वर्मा



तथा मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर मंच पर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कम संसाधनों में भी आपातकालीन स्थिति में लोगों की सहायता करने की भावना सिखाता है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि चार दिवसीय शिविर में बच्चों ने जो सीखा है, वह उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा स्काउटिंग के क्षेत्र में पिथौरा का नाम गौरवान्वित करेगा। थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। चार दिनों तक चले इस शिविर में बच्चों को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, चिन्ह-साइन, सैल्यूट, बाएं हाथ मिलाना, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न गांठें, लेंसिंग, प्रथमोचार, स्ट्रेचर निर्माण, यूनिफॉर्म, खोज के चिन्ह, बीपी के व्यायाम, अनुमान लगाना, पायनियरिंग, बिना बर्तन भोजन बनाना, मार्चपास्ट सहित कुल 38 विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में विभिन्न स्कूलों से 30 स्काउट, 60 गाइड, 38 प्रशिक्षण दल और 32 सेवा दल सहित कुल 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शिविर में सफल प्रतिभागी आगामी राज्य पुरस्कार शिविर के लिए पात्र होंगे। शिविर संचालन टीम में लेख राम साहू (संचालक), संतोष कुमार साहू (जिला प्रशिक्षण आयुक्त), झनेश साहू (ब्लॉक सचिव), रामकुमार नायक (जिला क्वार्टर मास्टर), दिलीप कुमार निषाद (ब्लॉक मीडिया प्रभारी), नरेश नायक, रोहाणी देवांगन, अजय नायक (ब्लॉक कोषाध्यक्ष), विजय सिन्हा, नर्सिंग पटेल, भूपेंद्र दुबे, आशीष तिर्की, मथामनी साहू, लिलिमा साहू (जिला प्रशिक्षण आयुक्त), सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, अनीता साहू, सरस्वती पटेल, राजकुमारी बंजारे, महेश्वरी, चंद्रिका साहू, संतोषी ठाकुर, सुशील पटेल, खे मुलता प्रधान एवं उर्वशी बरिहा शामिल थे।

### श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के लाभ के लिए मोबाइल कैंप कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं आय प्रमाण पत्र साथ लाएं। मोबाइल कैंप का आयोजन जिले में 4 से 31 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड में 04 दिसंबर को ग्राम केशवा में, 08 दिसंबर को ग्राम अचानकपुर, 11 दिसंबर को ग्राम भलेसर, 16 दिसंबर को ग्राम बेमचा, 19 दिसंबर को ग्राम अछोली, 24 दिसंबर को ग्राम बरबसपुर, 26 दिसंबर को साराडीह में मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 05 दिसंबर को ग्राम टेका, 09 दिसंबर को ग्राम सरकडा, 12 दिसंबर को ग्राम मोहगांव, 17 दिसंबर को ग्राम डूमरपाली, 22 दिसंबर को नयापारा कला, 24 दिसंबर को ग्राम गिरना, 30 दिसंबर को ग्राम माहीदरहा में, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 05 दिसंबर को ग्राम ढोड़, 11 दिसंबर को ग्राम बोईरगांव, 15 को ग्राम कोसमर्रा, 19 को ग्राम करीजिही, 23 को साल्हेभांठा, 26 दिसंबर को बीकेबाहरा एवं 30 दिसंबर को माहीदरहा में कैंप का आयोजन होगा। इसी प्रकार बसना विकासखंड अंतर्गत 05 दिसंबर को ग्राम पठियापाली, 10 को ग्राम बरोली, 15 को कुरचुंडी, 17 दिसंबर को ग्राम भंवरपुर, 23 को ग्राम ठाकुरपाली, 26 को ग्राम छुईपाली, 29 को भैंसाबुरी, 31 दिसंबर को ग्राम दुर्गापाली में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 08 दिसंबर को ग्राम कुटेला, 10 दिसंबर को ग्राम तोरेसिंहा, 12 दिसंबर को ग्राम सलडीह, 16 दिसंबर को ग्राम बोईरमाल, 22 दिसंबर को ग्राम खैरझिटकी, 24 दिसंबर को ग्राम बेलमुंडी एवं 29 दिसंबर को ग्राम गिरसा में श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# गुरु पर्व माह के प्रथम दिन विशाल रक्तदान शिविर में सर्व समाज के 85 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

- प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में प्रदेश व जिला के पदाधिकारी हुए शामिल

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने पूरे जिला में शिक्षा, रोजगार चिकित्सा, सतनाम संस्कृति के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्य कर रही है। इस कड़ी में एक और नई कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद द्वारा डॉ अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर्व माह के प्रथम दिन विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सर्व समाज के 85 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में लगभग 70 प्रतिशत लोगों ने प्रथम बार रक्तदान कर अपने आप को भाग्यशाली बताया, जो उनके खुन किसी जरुरत मंदों की काम आएगी। इस आयोजन से लोगों में रक्तदान के प्रति बढ़िया उत्साह देखने को मिला। 4 परिवार ने पति-पत्नी उपस्थित होकर साथ में रक्तदान किया। वही 19 वर्षीय रुखमनी ध्रुव ने पहेली बार व तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा, पुरुषोत्तम घृतलहरे जनपद सदस्य पिथौरा ने 14वीं बार एवं शम्मी सलूजा ने रक्तदान किया। इस आयोजन में महासमुंद जिले के अलावा रायगढ, बलौदा बाजार, रायपुर जिले के



लोगों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे ने रक्तदान को सही मायने में गुरु घासीदास बाबा के मनखे मनखे एक समान के सिद्धांत को साकार करने वाली बताया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शृंगी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए इसका अनुकरण पूरे प्रदेश में युवा प्रकोष्ठ द्वारा किए जाने की बात कही। शिविर में विशेष तौर से उपस्थित पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने इसे मानव समाज की सच्ची सेवा बताया तथा सभी दानदाताओं के लिए फल की व्यवस्था भी की गई। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने सर्व समाज की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। रेखराज बघेल जिला सचिव ने आयोजन व नए सोच के लिए युवा प्रकोष्ठ की प्रशंसा की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, सीटू सलूजा जनपद सदस्य, ललिता अग्रवाल, रेखराज बघेल,अनुराधा घृतलहरे, भागीरथी मारकंडे, शम्मी सलूजा, किशन कोसरिया, राजा खोसा, सागर साहू, अतुल गुप्ता, नीरज अग्रवाल, हीरा जोगी, मयाराम टडन, राकेश साहू, भोजनाथ मधुकर, कुलजीत सलूजा, ईश्वर आवड़े, चित्रकुमार भारती, विजय चतुर्वेदी, धनीराम जांगड़े, हरक मन्नाडे, जावेद खान, सोमनाथ, कृष्णा नारंग, महेश जोशी सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने आभार जताया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पीएम और ईडी का किया गया पुतला दहन

# सोनिया व राहुल गांधी पर एफआईआर पर भड़के कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर दर्ज हुई एफआईआर का कड़ा विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री और ईडी का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजन बागबाहरा के रेल्वे स्टेशन चैक के पास एकत्र हुए। बाद इसके केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर दर्ज हुई एफआईआर का विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय एजेंसी ईडी का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष व खल्लारी विधायक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मिलकर कांग्रेस के टॉप नेताओं को लगातार निशाने पर ले रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को डराने-धमकाने और दबाने की राजनीति कर रही है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ लगातार डराने-धमकाने और राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। जो खुद असुरक्षित और भयभीत होते हैं, वही दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं। नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से झूठा और निराधार है। अंततः न्याय की ही जीत



होगी। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में आनंद भवन, स्वराज भवन दान कर दिए, पंडित नेहरू 10 साल जेलों में रहे, इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी ने शहादत दे दी, उस परिवार की लोकप्रियता से भाजपा-आरएसएस में हमेशा डर रहा है। एफआईआर करने वाली यह कदम लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है और सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से डराने-धमकाने की एक कोशिश है। यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षद्वय संतोष पटेल, रवि निषाद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गासागर, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि एंव युवक कांग्रेस के नेता ताम्रध्वज बघेल, जनपद सदस्य पारस सांखला, नवनीत सलूजा, पोखराज साहू, पार्षदव्दय शिवा जगत, मिथुन अमीर, मंता यादव, अशोक अग्रवाल, शमीम खान, बलवीर बग्गा, चंदूसाहू किशोर चतुर्वेदी, पंकज हरपाल, राहुल यादव, प्रदीप यादव, लोकेश उइके, शहजान पाशा, खोमेश साहू, राजू चंद्राकर, रुपेश गोयल, कुंती बाई महानंद, धर्मेंद्र ठाकुर, दिनेश मोंगरे, राजेश सिन्हा, राजेश सोनी, राहुल कुलदीप, जीवराखन निर्मलकर, शिवचरण कुर्रे, एवन कुर्रे, आदि मोंगरे, पोखन महानंद, गुमान चक्रधारी, मुकेश पटेल, हरिशंकर साहू, चोवा साहू, नेमीचंद पटेल, बाबूलाल यादव, बाबूलाल कुलदीप, अभिषेक यादव, सन्नी दुआ, तेजराम चक्रधारी, ललित साहू, लोकेश दीवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

